प्रादेशिक समाचार

दिनांक–14.02.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दो दिवसीय दौरे पर आज रांची पहुंची, राज्यपाल संतोष गंगवार और कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने किया स्वागत, कल बीआईटी मेसरा के हीरक जयंती समारोह में होंगी शामिल, ट्रैफिक रुट में किये गए बदलाव।

- झारखंड में केंद्र सरकार द्वारा नए आंगनबाड़ी केंद्र खोलने के फैसले को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने आदिवासी विकास में बताया मील का पत्थर, पंचायतों को सशक्त बनाने के लिए मुख्यमंत्री से की अपील।

- रांची में इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन 'सक्षम' पखवाड़े का आगाज, ऊर्जा संरक्षण की ली गयी शपथ।

- पुलवामा शहीद दिवस पर राज्यपाल संतोष कुमार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शहीद जवानों को किया नमन, हजारीबाग में श्रद्धांजलि सभा हुई आयोजित।
- झारखंड में ठंडी हवाओं कि वजह से तापमान में पांच डिग्री तक गिरावट, मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक तापमान में उतार–चढ़ाव की जताई संभावना।

*******************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू झारखंड के दो दिवसीय दौरे पर आज शाम रांची पहुंच गईं हैं। रांची के बिरसा मुंडा एअरपोर्ट पर राष्ट्रपति का स्वागत राज्यपाल संतोष गंगवार, कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की समेत कई अधिकारियों ने किया। राष्ट्रपति आज राजभवन में रात्रि विश्राम करेंगी। कल वे बीआईटी मेसरा के हीरक जयंती समारोह में शामिल होंगी। कार्यक्रम को लेकर आज पुलिस और जिला वरीय पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक हुई। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

रांची के ट्रैफिक एसपी कैलाश करमाली ने बताया कि राष्ट्रपति के दौरे को लेकर कल सुबह 8 बजे से रात 10 बजे तक शहर में बड़े वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। विभिन्न जिलों से आने वाले वाहन रिंग रोड से अपने गंतव्य तक पहुंचेंगे। एयरपोर्ट जाने वाले यात्रियों को विशेष निर्देश दिए गए हैं, साथ ही मैट्रिक और इंटर के परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र पर समय से पहुंचने का निर्देश जारी किया गया है।

*******************

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड के आदिवासी गांवों में एक हजार दो सौ बीस नए आंगनबाड़ी केंद्र खोलने के केंद्र सरकार के फैसले को स्वागतयोग्य बताया है। उन्होंने कहा कि पीएम जनमन और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान से आदिवासी समाज के विकास और पोषण में सुधार होगा। श्री मरांडी ने इसे स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और ग्रामीण महिलाओं के लिए रोजगार का जरिया बताया। उन्होंने कहा कि यह फैसला झारखंड के आदिवासी उत्थान में मील का पत्थर साबित होगा।

वहीं, झारखंड में पंचायतों को अधिकार देने की स्थिति राष्ट्रीय औसत से नीचे होने पर बाबूलाल मरांडी ने चिंता जताई है। श्री मरांडी ने एक सोशल मीडिया पर पोस्ट पर कहा कि अधिकारों और वित्तीय स्वतंत्रता की कमी से पंचायतें विकास कार्यों में बाधित हो रही हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पंचायतों को सशक्त बनाने की अपील की है।

*******************

इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन रांची मंडल द्वारा आज से 28 फरवरी तक संरक्षण क्षमता महोत्सव सक्षम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में पेट्रोलियम पदार्थों के उपयोग और ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा। रांची के नामकुम स्थित कार्यालय में खिजरी विधायक राजेश कच्छप और पेट्रोलियम कंपनियों के प्रतिनिधियों ने आज ऊर्जा संरक्षण की शपथ ली। मौके पर विधायक ने भारत में पेट्रोलियम उपयोग के प्रति जागरूकता की कमी पर चिंता जताई।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सही खाना और सही सोना विद्यार्थियों को अच्छी तरह से परीक्षा देने में मदद करेगा। परीक्षा पे चर्चा के चौथे चरण में पोषण विशेषज्ञ रूजुता दिवेकर ने कहा कि विद्यार्थियों को पोषणयुक्त भोजन करना चाहिए।

*******************

साहिबगंज जिले के मंडरो प्रखंड में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत कारीगरों और शिल्पकारों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सहायक निदेशक दीपक कुमार ने योजना के लाभों पर विस्तार से जानकारी दी, जिसमें ऋण, उपकरण अनुदान, और कौशल प्रशिक्षण शामिल हैं। मौके पर कारीगरों से इस योजना का लाभ उठाने की अपील की गई।

*******************

डाक विभाग प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेले में श्रद्धालुओं को अनूठी सेवाएं प्रदान कर रहा है। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में महाकुंभ शिविर में भारतीय डाक के उप–डाकपाल मनोज कुमार पांडे ने श्रद्धालुओं को प्रदान की जा रही सेवाओं के बारे में बताया।

*******************

राष्ट्र आज 2019 में हुए पुलवामा हमले की बरसी पर शहीद जवानों को याद कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस हमले में अपनी जान गंवाने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। इधर, झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत कई नेताओं ने पुलवामा हमले में शहीद हुए सैनिकों के प्रति अपनी श्रद्धांजलि दी है। हजारीबाग के संत कोलंबस कॉलेज में पुलवामा शहीद दिवस पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। छात्रों ने जम्मू–कश्मीर में शहीद हुए हजारीबाग निवासी कैप्टन करमजीत सिंह को भी श्रद्धांजलि दी।

*******************

झारखंड बार एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ने राज्य सरकार की नई उत्पाद नीति का विरोध किया है। रांची में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में एसोसिएशन ने कोटा सिस्टम हटाने की मांग की और बताया कि नीति में कई प्रावधान जोड़े गए हैं। संगठन का कहना है कि बार संचालकों को एक साल के लिए लाइसेंस मिलता है, जिसमें कई प्रक्रियाओं का सामना करना पड़ता है।

*******************

दुमका जिले के हिजला गांव में ग्रामीणों ने सड़क निर्माण में असुविधा को लेकर सड़क जाम किया। उनका आरोप है कि सड़क की ऊंचाई बढ़ाने से गांव की गलियां कट गई हैं, जिससे स्थानीय लोगों को परेशानी होगी। उल्लेखनीय है कि निर्माण कार्य राजकीय जनजातीय हिजला मेला महोत्सव को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है। ग्रामीणों ने सड़क को स्लोप बनाकर जोड़ने की मांग की है।

*******************

पश्चिमी सिंहभूम जिले को अफीम से मुक्त करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

*******************

राज्य में उत्तर–पश्चिमी हवाओं की वजह से ठंड फिर लौट आई है। आज न्यूनतम तापमान में पांच डिग्री की गिरावट दर्ज की गई, जबकि अधिकतम तापमान स्थिर रहा। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक तापमान में उतार–चढ़ाव की संभावना जताई है।

******समाप्त*******